# सम्भालो मुझे सांवरिया उबारो मुझे सांवरिया

केसर चन्दन तिलक विराजे,
मुकुट मनोहारी,
मीठी मीठी मुस्कानों पे,
जाऊं बलिहारी,
ओ हारे के साथी बाबा,
तीन बाण के धारी,
चौखट पर बैठे है तेरी,
सुनलो अरज हमारी,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालो मुझे सांवरिया,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालों मुझे सांवरिया।bd।

तर्ज – उड़ जा काले कावा।

---

जब भी नैया डोली आया,
बनकर माझी तू,
चाल चली फिर तूफानों ने,
रखली बाजी तू,
घटा चढ़ी घनघोर कड़कती,
बिजली बारी बारी,
एक भरोसा तू ही मेरा,
एक भरोसा तू ही मेरा,
सांवरिया गिरधारी,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालों मुझे सांवरिया।bd।

---

आस भरोसा तू ही मेरा,
और कहाँ जाऊं,
बाबा कोई भूल हुई तो,
मैं माफ़ी चाहूँ,
दीनो के दातार दयालु,
बैठे छाव तुम्हारी,
तुम बिन कोण हमारो बाबा,
दुनिया मतलब गारी,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालों मुझे सांवरिया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चरण चाकरी तेरी करना,
अच्छा लगता है,
लहरी तू रूठे ना बाबा,
डर सा लगता है,
भक्त सदा भगवान भरोसे,
रहता अर्ज गुजारी,
तुम ना रखो लाज तो बाबा,
झूठी महिमा सारी,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालों मुझे सांवरिया।bd।

केसर चन्दन तिलक विराजे,
मुकुट मनोहारी,
मीठी मीठी मुस्कानों पे,
जाऊं बलिहारी,
ओ हारे के साथी बाबा,
तीन बाण के धारी,
चौखट पर बैठे है तेरी,
सुनलो अरज हमारी,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालो मुझे सांवरिया,
उबारो मुझे सांवरिया,
सम्भालों मुझे सांवरिया।bd।

**Singer – Uma Lahari Ji**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com